सुमित नागल ने पीठ में खिंचाव का हवाला देते हुए स्वीडन के खिलाफ मुकाबले से नाम वापस ले लिया था। उन्होंने जनवरी-फरवरी में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के लिए इस्लामाबाद जाने से भी इनकार कर दिया था। **- सुमित नागल**

भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने फिर राष्ट्रीय टीम में खेलने से किया इनकार।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

सुनील गावस्कर

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और टीवी कमेंटेटर सुनील गावस्कर ने मेलबर्न टेस्ट के तीसरे दिन ऋषभ पंत के ख़राब शॉट चयन की कड़ी आलोचना की है। पंत आज सुबह खेल के पहले सत्र में स्कॉट बोलैंड की गेंद को स्कूप करने के प्रयास में कैच आउट हो गए थे। पंत 37 गेंदों में 28 रन बनाकर अच्छी लय में दिख रहे थे और जडेजा के साथ उन्होने दिन के खेल की शुरुआत सधे ढंग से की थी । जैसे ही पंत आउट हुए, गावस्कर ने कहा बेवकूफ़ी, बेवकूफ़ी, बेवकूफ़ी। इसके बाद उन्होंने कहा, आपके पास वहां दो फ़ील्डर हैं, और फिर भी आप वही शॉट खेलते हैं।

क्या आप जानते हैं ?... टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

मैग्नस कार्लसन ड्रेस कोड का उल्लंघन करने पर विश्व रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज से बाहर

नई दिल्ली, 28 दिसम्बर। पांच बार के विश्व चैम्पियन मैग्नस कार्लसन पर फिडे के ड्रेस कोड का उल्लंघन करके जींस पहनकर आने के बाद पहले जुर्माना लगाया गया और बाद में उन्हें विश्व रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज से बाहर कर दिया गया। गत चैम्पियन कार्लसन पर जींस पहनने के कारण 200 डॉलर का जुर्माना लगाया गया।टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार जींस पहनना मना है। उन्होंने तुरंत कपड़े बदलकर आने का अनुरोध मानने से इनकार कर दिया तो उन्हें अयोग्य करार दिया गया। टूर्नामेंट में रैपिड चैम्पियनशिप के नौवें दौर में उन्हें किसी के खिलाफ उतारा नहीं गया। फिडे ने एक बयान में कहा कि ड्रेस कोड के नियम खिलाड़ियों को भली भांति बता दिये गए थे। महानतम शतरंज खिलाड़ियों में शुमार कार्लसन ने अगले दिन ड्रेस कोड का पालन करने पर रजामंदी जताई लेकिन कहा कि वह तुरंत नहीं बदलेंगे। पिछले दो बार के चैम्पियन कार्लसन ने इस घटनाक्रम पर कहा ,'' मैं ऐसी किसी जगह पर रहना चाहूंगा जहां मौसम बेहतर हो।' फिडे ने एक्स पर साझा किये गए बयान में कहा ,'' ड्रेस कोड के नियम फिडे खिलाड़ियों के आयोग के सदस्यों ने बनाये हैं जिसमें पेशेवर खिलाड़ी और विशेषज्ञ हैं। ये नियम बरसों से हैं और सभी प्रतिभागियों को इसके बारे में भली भांति पता है। हर टूर्नामेंट से पहले उन्हें इसकी जानकारी दी जाती है।''इसमें कहा गया ,'' फिडे यह सुनिश्चित करता है कि खिलाड़ियों के रहने का स्थान आयोजन स्थल के बहुत पांस हो ताकि उन्हें नियमों का पालन करने में सुविधा हो।'' इसमें कहा गया ,'' आज मैग्नस कार्लसन ने जींस पहनकर ड्रेस कोड के नियम का उल्लंघन किया। इतने लंबे समय से चले आ रहे नियमों में यह साफ है कि जींस पहनना निषिद्ध है। मुख्य पंचाट ने कार्लसन को इसके बारे में बताया और 200 डॉलर का जुर्माना लगाया। उनसे कपड़े बदलने का अनुरोध किया गया जो उन्होंने नहीं माना। इस वजह से उन्हें अयोग्य करार देना पड़ा।'' इससे पहले रूस के ग्रैंडमास्टर इयान नेपोम्नियाश्चि ने भी इस नियम का उल्लंघन किया था लेकिन वह कपड़े बदलकर लौट आये जिससे उन्हें बाहर नहीं किया गया। इस बीच कार्लसन ने कहा कि वह ब्लिट्ज वर्ग में भाग नहीं लेंगे क्योंकि फिडे की ड्रेस कोड नीति से वह तंग आ चुके हैं। उन्होंने नॉर्वे के मीडिया से कहा ,'' मैं फिडे से आजिज आ चुका हूं और अब और नहीं सह सकता। मैं सभी से माफी मांगना चाहता हूं। यह बेहद हास्यास्पद नियम है। मैं कल कपड़े बदल सकता था लेकिन वे सुनने को ही तैयार नहीं है।''

35 साल की उम्र में इस वर्ल्ड चैंपियन मुक्केबाज ने दुनिया को कहा अलविदा

नई दिल्ली, 28 दिसम्बर। वर्ल्ड कप चैंपियन मुक्केबाज पॉल बाम्बा का 35 साल की उम्र में निधन हो गया।

पॉल बाम्बा पिछले हफ्ते न्यू जर्सी में रोजेलियो मेडिना को हराकर गोल्ड क्रूजरवेट वर्ल्ड चैंपियन बने थे। ये जीत 2024 में नॉकआउट से उनकी 14वीं जीत थी। इस जीत ने उन्हें दिग्गज हैवीवेट माइक टायसन के बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ दिया। प्यूर्टो रिको में जन्में अमेरिका में रहने वाले पॉल बॉम्बा ने अपने करियर के दौरान 19-3 का रिकॉर्ड बनाया था।पॉल बाम्बा के निधन से अमेरिकी मुक्केबाजी समुदाय को गहरा सदमा लगा है। पॉल बॉम्बा की मृत्यु पर रोजेलियो मेडिना ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

डफी ने न्यूजीलैंड को श्रीलंका पर दिलाई शानदार जीत

माउंट माउंगानुई, 28 दिसंबर। डैरिल मिचेल (62) और माइकल ब्रेसवेल (59) के बीच छठे विकेट के लिये 105 रन की रिकार्ड साझीदारी के बाद तेज गेंदबाज जैकब डफी के एक ओवर में तीन विकेट झटकने की बदौलत न्यूजीलैंड ने सीरीज के पहले टी20 मुकाबले में शनिवार को श्रीलंका के खिलाफ आठ रन से जीत हासिल की। न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुये आठ विकेट पर 171 रन बनाये जिसके जवाब में श्रीलंका निर्धारित 20 ओवरो में आठ विकेट पर 164 रन ही बना सकी। एक समय पथुम निसंका (90) और कुसल मेंडिस (46) के बीच एक बड़ी भागीदारी की बदौलत 13 ओवर की समाप्ति पर श्रीलंका बगैर नुकसान के 121 रन बना चुका था और आसान जीत के करीब जाता दिखायी दे रहा था मगर पारी के 14वें ओवर में डफी ने एक के बाद एक तीन विकेट (कुसल मेंडिस ,कुसल परेरा (0) और कामिंडु मेंडिस (0)) झटक कर श्रीलंका को बैकफुट पर ढकेल दिया। पथुम निसांका ने 60 गेंदों में 90 रनों की शानदार पारी खेली मगर उनकी साहसिक पारी न्यूजीलैंड द्वारा निर्धारित 172/8 के लक्ष्य को भेदने में असफल रही। इससे पहले डेरिल मिशेल (42 गेंद पर 62 रन) और माइकल ब्रेसवेल (33 गेंद पर 59 रन) के बीच मजबूत साझेदारी की बदौलत कीवी टीम ने पांच विकेट पर 65 रन के मुश्किल स्कोर से उबरते हुए प्रतिस्पर्धी कुल स्कोर खड़ा किया था। दोनो के बीच 105 रन की साझीदारी की मदद से न्यूजीलैंड बचाव योग्य स्कोर बनाने में सफल रहा। श्रीलंका के गेंदबाज शुरू में हावी रहे और जिसमें महीशा थीक्षाना (2/29) के अलावा वानिंदु हसरंगा (2/33) ने महत्वपूर्ण सफलताएं दिलाई।

नीतीश कुमार रेड्डी ने रचा इतिहास, महारिकॉर्ड बनाने वाले पहले भारतीय बने

मेलबर्न 28 दिसंबर। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में नीतीश कुमार रेड्डी ने इतिहास रच दिया। दरअसल, नीतीश इस सीरीज में सबसे ज्यादा छक्का लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। साथ ही ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज में किसी मेहमान बल्लेबाज द्वारा संयुक्त रूप से सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इसका पूरा श्रेय नितीश कुमार रेड्डी और वॉशिंगटन सुंदर को जाता है। 2024-25 के ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर नितीश कुमार रेड्डी टीम इंडिया को मिला। वह तेज गेंदबाज ऑलराउंडर के रूप में खेल रहे हैं लेकिन रन बनाकर भारत को मुश्किलों से उबारा है।

इस सीरीज में रेड्डी ने अबतक 8 छक्के लगाए हैं। बता दें कि, रेड्डी से पहले माइकल वॉन ने 2002-2003 के एशेज सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलिया में खेलते हुए 8 छक्के लगाए थेरेड्डी ऑस्ट्रेलिया में एक टेस्ट सीरीज के दौरान 8 छक्के लगाने वाले पहले

भारतीय बन गए हैं। अब एक छक्का लगाते ही रेड्डी ऑस्ट्रेलिया में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा छक्का लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लेंगे। इस पूरे सीरीज में नीतीश ने अपनी बल्लेबाजी से फैंस का दिल जीत लिया है। रेड्डी ने 41, 38, 42, 42, 16 और शतक जमाकर रेड्डी ने बड़ा कारनामा कर दिया है।

ऑस्ट्रेलिया की धरती पर टेस्ट में नंबर 8 पर बैटिंग करते हुए शतक लगाने वाले रेड्डी भारत के इकलौते बल्लेबाज भी बन गए हैं।वहीं बता दें कि, नीतीश कुमार रेड्डी ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक भी जड़ा है। खराब रोशनी के कारण जब खेल रूका तो रेड्डी 176 गेंद पर 105 रन बनाकर नाबाद हैं। अपनी पारी में उन्होंने 10 चौके और एक छक्का लगाया है।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में जब कभी भी भारतीय टीम मुश्किल में रही है, उस समय नीतीश कुमार रेड्डी ने अहम पारियां खेलकर टीम को मुश्किल से उबारा है। अब एक बार फिर रेड्डी ने मेलबर्न टेस्ट में भारतीय टीम के लिए एक ऐसी पारी खेली है जिसने भारत को कठिन परिस्थिति से बाहर निकालने का काम किया है। इस सीरीज में नीतीश ने 200 से ज्यादा रन बना लिए हैं।

नीतीश का परिवार उनसे मिलने पहुंचा

मेलबर्न, 28 दिसंबर। नीतीश की बहन ने शतक पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हम सब लोग बहुत गर्व महसूस कर रहे हैं हम लोग बहुत खुश हैं हम लोग ये टेस्ट देखने आए और उन्होंने शतक बना दिया। हमारे खुशी का ठिकाना नहीं रहा। हमें पूरा भरोसा था कि वह अच्छी बल्लेबाजी करेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जब वह 99 रनों पर बल्लेबाजी कर रहा था तो हम लोग चिंतित थे, क्योंकि दूसरी तरफ बल्लेबाज आउट हो रहे थे, लेकिन हम आश्वस्त थे कि वह अपना शतक पूरा कर लेगा। वहीं नीतीश के पिता ने कहा कि, नीतीश ने आज बहुत अच्छा खेला। मुझे उस पर बहुत गर्व है, हमने बहुत संघर्ष किया। हम टीम इंडिया के बहुत शुक्रगुजार हैं।

आंध्र के सीएम ने शतक के लिए नीतीश को दी बधाई

विजयवाड़ा, 28 दिसंबर। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने मेलबर्न में युवा बल्लेबाज नीतीश कुमार रेड्डी को उनके शतक के लिए बधाई दी। शनिवार को यहां एक संदेश में मुख्यमंत्री ने नीतीश कुमार रेड्डी को कम उम्र में मेलबर्न में बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट में शतक बनाने के लिए बधाई दी। उन्होने कहा कामना है कि वह आने वाले दिनों में शतक लगाएं और देश का नाम रोशन करें। इस बीच, आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन (एसीसी) ने और विजयवाड़ा के सांसद और एसीसी अध्यक्ष केशिनेनी शिवनाथ ने मेलबर्न क्रिकेट टेस्ट में शतक लगाने के लिए नीतीश कुमार को 25 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की है। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू क्रिकेटर के यहां आने पर प्रोत्साहन चेक नीतीश कुमार को सौंपेंगे। इसके अलावा एसीसी आंध्र के लिए आईपीएल खेलने के लिए एक टीम बनाने पर विचार कर रही है। उन्होने घोषणा की कि राजधानी अमरावती में एक आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा।

हमने सोच लिया था, चाहे कुछ भी हो हम लड़ेंगे: सुंदर

मेलबर्न 28 दिसंबर आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में जुझारु प्रदर्शन करने वाले भारतीय बल्लेबाज वाशिंगटन सुंदर ने कहा कि संकट में घिरने के बावजूद उन्होने अपने जोड़ीदार नीतीश कुमार रेड्डी के साथ पूरी दृढ़ता के साथ बल्लेबाजी करने का संकल्प लिया था।

अपनी अर्धशतकीय पारी के बाद कहा हमने सोच लिया था कि स्थितियां चाहे जो भी हों,हमे लड़ना है। जिस तरह से चीजें हुईं वह वास्तव में सुखद थीं। हमारे लिए खुद को अच्छी स्थिति में बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण था। मैं और नितीश एक-दूसरे से कहते रहे कि चाहे कुछ भी हो हम लड़ेंगे। जिस तरह से नीतीश ने बल्लेबाजी की, वह दूसरे छोर से देखने लायक था। हमें बस खेलना था समय कोई मायने नहीं रखता। क्योंकि रन आ रहे थे और साथ ही वे काफी थक भी रहे थे। इसलिए हमारे लिए बीच में काफी समय बिताना जरूरी था।

उन्होने कहा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया में खेलते रहना वास्तव में अच्छा था और मैं अपने आप से बहुत खुश हूँ, जिस तरह से मैंने अपने खेल को अपनाया। मुख्य कोच गौतम गंभीर और बल्लेबाजी कोच अभिषेक नायर के मार्गदर्शन को लेकर पूछे गये सवाल पर उन्होने कहा गौती भाई ने मेरी बहुत मदद की है। उन्हें मुझ पर बहुत भरोसा है। वह मुझे बताते रहे हैं कि मेरी बल्लेबाजी कौशल टीम के लिए कितनी महत्वपूर्ण होगी। बल्लेबाजी कोच अभिषेक नायर ने भी मेरे लिए बहुत काम किया है।

मिचेल स्टार्क की इंजरी को लेकर स्कॉट बोलैंड ने दिया अपडेट

मेलबर्न, 28 दिसंबर। मेलबर्न टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को भारतीय पारी के दौरान ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टीम की टेंशन बढ़ा दी। गेंदबाजी के दौरान मिचेल स्टार्क दर्द में दिखे लेकिन गेंदबाजी जारी रखी। तीसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद स्कॉट बोलैंड ने उनकी इंजरी को लेकर अपडेट दी है। बोलैंड का मानना है कि स्टार्क ठीक हैं। तीसरे मैच में स्टार्क को सफलता नहीं मिली। मिचेल स्टार्क मेलबर्न में खेले जा रहे मैच के तीसरे दिन गेंदबाजी के दौरान अपनी पीठ पकड़े हुए दिखे। जिसके बाद टीम के फिजियोथेरेपिस्ट निक जोन्स ने उनका इलाज किया।

राज्य स्तरीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप

जयपुर की समायरा व अनुष्का बने महिला युगल चैंपियन

जयपुर, 28 दिसंबर। जयपुर जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष ललित सिंह के अनुसार आज मॉडर्न स्कूल जयपुर में चल रही राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के चौथे दिन महिला युगल में समायरा शर्मा व अनुष्का ने प्रियांशी शर्मा व दिव्या ठाकुर कोटा को पराजित कर जयपुर का परचम लहराया। इन्होंने यह जीत 3-0 से एक तरफा मुकाबले में दर्ज की। विदित रहे की समायरा तथा अनुष्का ने सेमीफाइनल में जयपुर की ही आरु तथा राधिका को परास्त कर फाइनल में जगह बनाई थी वही प्रियांशी तथा दिव्या ने बीकानेर की सुहानी तथा प्रांशी मिश्रा को हराकर फाइनल में स्थान बनायी।पुरुष वर्ग में कोटा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लक्ष्य तोषनीवाल व यथार्थ बारथूनिया ने जयपुर के शुभम ओझा तथा विवेक भार्गव की चुनौती समाप्त कर उन्हें तीन शून्य से पराजित किया। वहीं सेमीफाइनल मुकाबले में लक्ष्य तथा यथार्थ ने अनुक्रम तथा हर्ष जयपुर को तीन एक से परास्त किया वहीं शुभम तथा विवेक ने प्रियांशु तथा विश्वास बीकानेर को तीन दो से परास्त कर फाइनल में जगह बनाई ।

मिश्रित युगल मुकाबले में भी आकर्षक खेल का प्रदर्शन रहा जिसमें

बीकानेर के प्रियांशु सिंह भाटी व अंजली सिंह ने जयपुर की समायरा शर्मा तथा अरिंजय कुछल को 3-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। सेमीफाइनल मुकाबले में प्रियांश व अंजलि ने शुभम तथा मनीषा जयपुर को तीन शून्य से पराजित कर फाइनल में स्थान बनाया था वहीं समायरा तथा अरिंजय ने जयपुर के ही विवेक तथा अरू को तीन एक से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई । मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान राज्य टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष मुकुल गुप्ता वा सचिव संजय गहलोत रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मॉडर्न स्कूल के हनुमान सिंह शेखावत और फिनोवा कैपिटल के राहुल साहनी ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।

खेलो इंडिया अभियान

मंडी में इंडोर स्टेडियम बनाने का प्रयास

मंडी, 28 दिसंबर। हिमाचल प्रदेश के मंडी शहर के पड्डल मैदान में केंद्र सरकार के खेलो इंडिया अभियान के तहत इंडोर स्टेडियम बनाने का प्रयास किया जाएगा। इस स्टेडियम का डिजाइन तैयार कर लिया गया है और जल्द ही इसकी डीपीआर बनाकर मंजूरी के लिए प्रदेश सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजी जाएगी। यह बात मंडी सदर से भारतीय जनता पार्टी विधायक अनिल शर्मा ने मंडी में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया अभियान 2025-26 में संपन्न होने जा रहा है और इस स्टेडियम को इसी प्रोजेक्ट के तहत बनवाने के चलते ही इस कार्य को तेज गति के साथ किया जा रहा है। शर्मा ने बताया कि इस इंडोर स्टेडियम का अनुमानित बजट 28 से 30 करोड़ होगा जिसमें केंद्र सरकार की तरफ से 20 से 22 करोड़ की मदद मिल सकती है, बाकी पैसा प्रदेश सरकार के माध्यम से मंजूर करवाने का प्रयास किया जाएगा। प्रदेश के माध्यम से डीपीआर भिजवाने के बाद वे केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात करके इसके लिए जल्द से जल्द बजट प्रावधान करवाने का प्रयास करेंगे। शर्मा ने बताया कि स्टेडियम निर्माण के लिए जमीन का खेल विभाग के नाम करवा दिया गया है और इसकी स्वाइल टेस्टिंग का कार्य भी हो चुका है।

सैम कोंस्टास ने जसप्रीत बुमराह के खिलाफ आक्रामक रवैये अख्तियार किया

मेलबर्न, 28 दिसंबर। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। अभी तक दोनों टीमों के बीच तीन टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं जिसमें दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर हैं। वहीं मौजूदा समय में दोनों टीमों के बीच मेलबर्न क्रिकेट स्टेडियम में चौथा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। वहीं इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए डेब्यू करने वाले 19 वर्षीय सैम कोंस्टास की चर्चा हो रही है। सैम कोंस्टास ने अपने डेब्यू में धमाकेदारी पारी खेली। इस युवा बल्लेबाज ने भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ जमकर रन बनाए। साथ ही जसप्रीत बुमराह का डटकर सामना भी किया। सैम कोंस्टास ने जसप्रीत बुमराह की गेंद पर 2 छक्के भी जड़े। वहीं अब बुमराह ने सैम कोंस्टास को लेकर बड़ा बयान दिया है।दरअसल, सैम कोंस्टास इंग्लैंड के जोस बटलर के बाद टेस्ट फॉर्मेट में जसप्रीत बुमराह को एक पारी में 2 छक्के जड़ने के

मामले में दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। सोशल मीडिया पर सैम कोंस्टास की बल्लेबाजी लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं।

वहीं, अब जसप्रीत बुमराह ने सैम कोंस्टास पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। बुमराह ने कहा कि मैंने ऐसा बहुत अनुभव किया है। मैंने बहुत टी20 क्रिकेट खेला है, 12 साल से भी ज्यादा टी20 क्रिकेट खेला है। वह दिलचस्प बल्लेबाज हैं, मुझे हमेशा लग रहा था कि मैं खेल में हूं। मुझे कभी नहीं लगा कि मैं विकेट से दूर हूं। शुरुआत में मुझे लगा कि मैं उसे पहले दो ओवरों में 6-7 बार आउट कर सकता हूं। लेकिन क्रिकेट में ऐसा ही होता है। मुझे अलग-अलग चुनौतियां पसंद हैं और एक नई चुनौती का इंतजार है।

बता दें कि, सैम कोंस्टास ने पहले दिन 65 गेंदों में 60 रनों की पारी खेली। उन्होंने कहा कि अपनी पारी में 6 चौके और 2 छक्के लगाए। खासकर, इस बल्लेबाज ने भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खिलाफ आक्रामक रवैये अख्तियार किया। जसप्रीत बुमराह के पहले ओवर में आक्रामक रवैया ने 14 रन बनाए। जबकि बुमराह के दूसरे ओवर में सैम ने 18 रन बटोरे। बुमराह के टेस्ट करियर का सबसे मंहगा ओवर था।

ओ.एन. दीक्षित बैडमिन्टन में आराध्या ढींगरा व ओजस्विता दुबे ने जीते दोहरे युगल खिताब

// 75 वर्ष से बड़े बुजुर्ग खिलाड़ी सम्मानित //

जयपुर, 28 दिसंबर। ओ एन दीक्षित मेमोरियल विंटर जयपुर जिला ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता के मैच सवाई मानसिंह स्टेडियम पर खेले गए आज का मुख्य आकर्षण 75 वर्ष से ऊपर के चार खिलाड़ी जितेंद्र राजवंशी, आर एस सोनी, एम सी यादव , एन एल मिढ़ा रहे साथ ही 72 वर्षीय नवीन चौधरी का आज के मुख्य अतिथि सतर्कता उपायुक्त नगर निगम हेरिटेज पुष्पेंद्र सिंह संयुक्त सचिव जय क्लब राजीव नागोरी, आयकर अधिकारी पंकज दीक्षित व जयपुर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव मनोज दासोत ने सभी बुजुर्ग खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री अतुल गुप्ता के अनुसार आज सात वर्गो के फाइनल खेले गए जिसमें अंडर 13 आयु लड़कों के फाइनल में मानविक भारद्वाज ने सिद्धांत को 21 -19 ,21 -18 से हराया तथा अंडर 13 लड़कियों के फाइनल में पदमजा नेअपेक्षा को तीन गेमों में 21 -18, 13 -21, 21 -11 से हराया वही लड़कों के अंडर 15 एकल फाइनल में देवाशीष प्रजापत ने विनय प्रताप सिंह को एक लंबे संघर्ष के बाद 21- 18 ,19 4-21 ,22- 20 से परास्त किया।

युगल मैच में लड़कों के अंडर 11

डबल्स में बदरुद्दीन हसन व नैतिक बंसल की जोडी ने 21- 17, 21 -16 से किसंग व लक्षित रेवाड को हराया। गर्ल्स अंडर 13 डबल्स के फाइनल में आराध्य ढींगरा व ओजस्वीता दुबे की जोड़ी ने रिद्धि बत्रा व रिद्धि सेठिया की जोड़ी को 21 -16, 21- 11 से परास्त किया वहीं गर्ल्स डबल्स अंडर 17 फाइनल में हिमांशी सैनी और प्रियांशी सैनी ने अद्विका अग्रवाल व गरिमा यादव की जोड़ी को 14- 21 ,23 -21, 21- 11 से परास्त कर फाइनल जीता।

देर शाम तक खेले गए अंडर 15 लड़कियों के युगल फाइनल में ओजस्विता दुबे व आराध्या ढींगरा की जोड़ी ने मिराया फागेरिया वे दिव्यांशी फागेरिया को 21- 14 ,19 -21 ,21 -13 से हारा अंडर 15 लड़कियों का युगल खिताब भी जीता। इससे पहले सुबह अंडर 13 युगल खिताब भी ओजस्विता दुबे व आराध्या ढींगरा की जोड़ी ने जीता।

अतुल गुप्ता के अनुसार कल शाम 3:00 बजे से शेष बचे फाइनल खेले जाएंगे। पूर्व चिकित्सा मंत्री कालीचरण सराफ मुख्य अतिथि, मुख्य निदेशक अन्वेषण आयकर अवधेश कुमार व रचना गोड विशिष्ट अतिथि होंगे तथा 5:00 बजे से मुख्य अतिथि द्वारा परितोषित वितरण किया जाएगा। सेमीफाइनल खेले खिलाड़ियों को कांस्य पदक दिए जाएंगे।

पटना पाइरेट्स और हरियाणा स्टीलर्स के बीच खिताबी मुकाबला

पुणे, 28 दिसंबर। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 11वें संस्करण में खिताबी मुकाबला रविवार को यहां पटना पाइरेट्स और हरियाणा स्टीलर्स के बीच खेला जायेगा। बालेवाड़ी में श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में फाइनल मैच रविवार रात आठ बजे शुरु होगा। पटना पाइरेट्स की नज़र रिकॉर्ड चौथे पीकेएल खिताब पर है जिन्होंने लगातार सीजन तीन, चार और पांच में खिताब हासिल किया था, वे साल 2017 के बाद से अपना पहला खिताब जीतना चाहेंगे। वे सीजन आठ के फाइनल मुकाबले में भी थे, लेकिन दबंग दिल्ली से एक अंक से हार गए थे। देवांक दलाल, जो 24 कबड्डी मैचों में 296 अंकों के साथ पीकेएल 2024 के शीर्ष रेडर रहे हैं, इस सीजन मे पाइरेट्स के फाइनल तक पहुंचने के पीछे अहम भूमिका निभाई है। पाइरेट्स ने अपनी टीम में अंकित जगलान को शामिल किया है, जो प्रो कबड्डी 2024 में सबसे अधिक टैकल प्वाइंट के मामले में स्टीलर्स के मोहम्मदरेज़ा शादलोई और तमिल थलाइवाज के नीतेश कुमार की बराबरी पर हैं। एलिमिनेटर और सेमीफाइनल में क्रमश: यू मुंबा और दबंग दिल्ली, दोनों पूर्व चैंपियन को हराने से पहले पटना पाइरेट्स ग्रुप स्टेज में चौथे स्थान पर रही। इस बीच, हरियाणा स्टीलर्स ने सेमीफाइनल में यूपी योद्धा को हराकर लगातार दूसरे फाइनल में जगह बनाने से पहले ग्रुप स्टैंडिंग में बड़ी आसानी से शीर्ष स्थान हासिल किया।

विजय हजारे ट्रॉफी में राजस्थान ने मेघालय को 6 विकेट से हराया

राजस्थान के दीपक हुड्डा की नाबाद अर्धशतकीय पारी

जयपुर 28 दिसम्बर। मुंबई में खेली जा रही बीसीसीआई एक दिवसीय विजय हजारे ट्रॉफी में आज राजस्थान ने मेघालय को 6 विकेट से हराया।

मेघालय पारी 166 आल आउट, टीम के लिए किशन 27 व अर्पित 26 रनो का योगदान दिया। राजस्थान के गेंदबाज राहुल चाहर 34 /3 , कमलेश नागरकोठी 52 /3 , मानव सुथार 28 /2 व अजय सिंह कुकना 34 /2 विकेट प्राप्त किये। राजस्थान पारी 168 /4, लक्ष्य को राजस्थान टीम ने दीपक हुड्डा की नाबाद अर्धशतकीय पारी की सहायता से 4 विकेट के नुकसान पर 168 रन बनाते हुए मैच में जीत दर्ज की। दीपक हुड्डा नाबाद 60, महिपाल लोमरोर 38, राम मोहन 17, अभिजीत तोमर 15, कार्तिक शर्मा 15 व राजवीर सिंह राठौर नाबाद 13 रनो का योगदान देते हुए टीम को जीत दिलाई।

विजय मर्चेंट अंडर 16 ट्रॉफी - राजस्थान - कर्नाटक मैच के पहले दिन का स्कोर , विजयवाड़ा (मंगलगिरि) में खेली जा रही बीसीसीआई अंडर 16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी के आज से शुरू हुए राजस्थान- कर्णाटक मैच के पहले दिन राजस्थान के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कर्णाटक टीम को पहली पारी में बड़ा स्कोर बनाने से रोका।

कर्णाटक पारी 239 आल आउट, टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कर्णाटक टीम राजस्थान के गेंदबाजों के शानदार गेंदबाजी के सामने अपनी पहली पारी में मात्र 239 रनो के स्कोर पर आल आउट हो गयी। टीम के लिए अन्वय द्रविड़ 90 रनो का योगदान दिया।

राजस्थान के गेंदबाज रजत बघेल 33 /3 , सुजल परमार 28 /2 , हर्ष सिंह 62 /2 , पुरु डेवाढवाल 51/2 विकेट प्राप्त किये। राजस्थान पहली पारी 22 /1 , पहले दिन का खेल समाप्त होने तक राजस्थान ने अपनी पहली पारी में 1 विकेट के नुकसान पर 22 रन बना लिए थे। टीम के लिए एकांश शर्मा नाबाद 4 व शिफॉन नाबाद 6 रन बनाकर खेल रहे हैं।

बीसीसीआई की सीनियर एक दिवसीय चैलेंजर ट्रॉफी में राजस्थान की

वीमेन खिलाडी कौशल्या चौधरी का चयन बीसीसीआई वीमेन चयन समिति ने किया है। आगामी 5 से 15 जनवरी 2025 के दौरान चेन्नई में खेली जाने वाली बीसीसीआई की सीनियर वीमेन एक दिवसीय ट्रॉफी हेतु बीसीसीआई वीमेन चयन समिति ने राजस्थान की कौशल्या चौधरी का चयन टीम में किया है।

पश्चिम बंगाल,सर्विसेज,केरल और मणिपुर के बीच होगी रोमांचक जंग

हैदराबाद, 28 दिसंबर। देश के सबसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट संतोष ट्राफी के खिताबी दौर से एक कदम दूर पश्चिम बंगाल, सर्विसेज, केरल और मणिपुर के बीच रविवार से शुरु होने वाले सेमीफाइनल मुकाबलों में रोमांच चरम पर होगा। पहला सेमीफाइनल रविवार को गाचीबोवली स्टेडियम पर पश्चिम बंगाल और सर्विसेज के बीच रविवार को दोपहर ढाई बजे से होगा। उसके बाद शाम साढ़े सात बजे केरल और मणिपुर की टीमे फाइनल में प्रवेश के लिये भिड़ेंगी।

पश्चिम बंगाल और सर्विसेज के बीच पहली भिड़ंत 1951 में हुई थी जिसके बाद 31 बार दोनो टीमे एक दूसरे का सामना कर चुकी है जिनमें 1960 में सर्विसेज़ ने बंगाल को हरा कर पहले ख़िताब पर कब्जा किया था। बंगाल ने नौ साल तक इसका बदला नौगोंग में सर्विसेज को फाइनल में 6-1 से रौंद कर लिया था। दोनो टीमों के बीच अब तक खेले गये 32 मैचों में पश्चिम बंगाल के पक्ष में 21 बार जीत मिली जबकि छह में सर्विसेज के हाथों उसे हार का सामना करना पड़ा। पांच में हार जीत का फैसला नहीं हो सका।